
# 1. भाषा और व्याकरण
## (Language And Grammar)



### भाषा

**भाषा** अपने विचारों को दूसरों तक पहुँचाने का सरल माध्यम है। निम्न चित्रों को देखिए व समझिए—






पहले चित्र में दो बच्चे बात कर रहे हैं। दूसरे चित्र में यातायात पुलिसकर्मी हाथ के संकेत से आगे जाने को कह रहा है। यहाँ तो संकेतों के माध्यम से बात कह दी गई, परंतु यह हमेशा संभव नहीं होता। हमें विचारों व भावों को प्रकट करने के लिए दूसरे माध्यम अपनाने पड़ते हैं।



मेरे गणित में पूरे अंक आए हैं।



प्रिय बहन! कैसी हो?



मेरी माँ का पत्र आया है।

पहले चित्र में दो लड़कियाँ बोल रही हैं, दूसरे चित्र में प्रिया अपनी बहन को पत्र लिख रही है और तीसरे चित्र में लड़की अपनी माँ का पत्र पढ़ रही है।

इस प्रकार हमने देखा कि पहले चित्र में मौखिक रूप से तथा दूसरे एवं तीसरे चित्र में लिखित रूप से विचारों का आदान-प्रदान हो रहा है। मौखिक अथवा लिखित रूप में विचारों का आदान-प्रदान ही **भाषा** है।



### आपने जाना

- भाषा विचारों को दूसरों तक पहुँचाने का सरल माध्यम है।
- भाषा संकेत के माध्यम से भी व्यक्त की जाती है लेकिन हमेशा संकेत के माध्यम से हम अपनी भावनाओं या विचारों को प्रकट नहीं कर सकते।

## क्या आप जानते हैं?

1. एक मूक व्यक्ति किस माध्यम से अपने विचार प्रकट करता है? इशारों द्वारा।
2. पक्षी की आवाज़ को क्या कहा जाता है? चहचहाना
3. ट्रैफिक पुलिस अपनी बात किस माध्यम से व्यक्त करती है? – संकेतों द्वारा।
4. पत्र में भाषा का कौन-सा रूप दिखाई देता है? – लिखित रूप।

# अभ्यास

1. उचित उत्तर पर निशान ( ✓ ) लगाइए-

क. कागज़ से पहले मनुष्य किस पर लिखा करते थे?

i. भोज पत्र ✓ ii. स्तंभ

ख. 'कलम' किसमें डूबो कर लिखी जाती थी?

i. दूध की कटोरी में ii. स्याही की दवात में ✓

ग. निम्न में से कौन-सा साधन अधिक भावनात्मक रूप से लोगों को जोड़ सकता है?

i. पत्र ✓ ii. फोन

घ. भाषा को लिखने का तरीका क्या कहलाता है?

i. व्याकरण ii. लिपि ✓

ङ. अबोध शिशु अपनी भूख को किस माध्यम से प्रकट करता है?

i. बोलकर ii. रोकर (संकेत द्वारा) ✓

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क. भाषा किसे कहते हैं?

उ० भाषा अपने विचारों को दूसरों तक पहुँचाने का सरल माध्यम है।

ख. भाषा के कितने रूप हैं? उदाहरण सहित बताइए।

उ० भाषा के दो रूप है लिखित → पत्र, मौखिक → गायन

ग. लिपि किसे कहते हैं? हिंदी व पंजाबी की कौन-सी लिपि है?

उ० भाषा को लिखने का ढंग व तरीका ही लिपि कहलाता है। हिन्दी की लिपि देवनागरी और पंजाबी की लिपि गुरुमुखी है।

घ. हिंदी परिवार में कौन-कौन सी बोलियाँ आती हैं?

उ० ब्रज, अवधी, हरियाणवी, भोजपुरी, मैथिली व पहाड़ी आदि।

ङ. व्याकरण किसे कहते हैं? इसके भाग बताइए।

उ० व्याकरण भाषा का वह साधन है जिसके द्वारा हम इसे शुद्ध रूप में लिखना व बोलना सीखते हैं इसके तीन भाग हैं- (1) वर्ण विचार, शब्द विचार, वाक्य विचार।

3. सही ( ✓ ) या गलत ( ✗ ) का निशान लगाइए–

क. भाषा लिखकर मन के भाव जानती है। ✗

ख. अक्षरों के लिखने के ढंग को लिपि कहते हैं। ✓

ग. उर्दू की लिपि देवनागरी है। ✗

घ. अंग्रेज़ी की लिपि रोमन है। ✓

ङ. पत्रिका, पत्र, लिखित भाषा के रूप हैं। ✓

## बौद्धिक प्रश्न

- नीचे दिए बॉक्स में से भारत में बोली जाने वाली पाँच भाषाएँ/बोलियाँ खोजिए व लिखिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| म | प | क | त | मि | ल |
| ल | स | ब्र | र | त | जु |
| या | उ | ज | स | प | इ |
| ल | द | पं | जा | बी | उ |
| म | च | य | ही | स | र्दू |

1. मलयालम
2. तमिल
3. उर्दू
4. पंजाबी
5. ब्रेज